**खबर संक्षेप**

## छात्रों ने नीट और आईआईटी जेइई में लहराया परचम



शहडोल। जिले के टाइम पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है, इस वर्ष स्कूल के 5 होनहार छात्रों ने प्रतिष्ठित नीट और आईआईटी जेइई परीक्षाओं में सफलता हासिल कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता में भूमि गुप्ता ने नीट परीक्षा में 2664 वीं रैंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, उनकी यह उपलब्धि निश्चित रूप से अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी, वहीं, अनुपमा दुबे ने आईआईटी जेइई एडवांस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। नीट परीक्षा में अन्य छात्रों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है, तिशा जसूजा ने 493 अंक प्राप्त किए, जबकि अंशिका केशरी ने 492 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टाइम पब्लिक स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने इस सफलता पर छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पेट दर्द से परेशान किशोरी ने की खुदकुशी

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में 15 वर्षीय किशोरी ने पेट के दर्द से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस के अनुसार, पार्वती विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने गई थी, अचानक पेट दर्द से परेशान होकर वह घर लौट आई। पार्वती के पिता रामसहाय ने बताया कि मेरी बेटी को पिछले कुछ दिनों से पेट में दर्द की समस्या थी और हम उसका इलाज करवा रहे थे, लेकिन उसे कोई राहत नहीं मिल रही थी।परिवार के लोग विवाह समारोह से लौटने के बाद रात में सो गए, लेकिन सुबह जब पार्वती अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तो पिता ने उससे चाय बनाने के लिए आवाज लगाई। जब उसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो रामसहाय ने बेटी के कमरे का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद, जब कोई आवाज नहीं आई, तो उन्होंने रोशनदान से झांककर देखा और पाया कि पार्वती फांसी के फंदे में झूल रही थी। आस-पास के लोग जब चीख-पुकार सुनकर आए, तो उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। जयसिंहनगर पुलिस ने कहा हमने पार्वती के पिता का बयान दर्ज किया है। उन्हें आशंका है कि उसकी बेटी मानसिक तनाव में थी, जो उसके लंबे समय से चल रहे पेट दर्द के कारण उत्पन्न हुआ होगा। पिता रामसहाय ने यह भी बताया कि वे अपनी बेटी के इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास गए थे, लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा था। हमने हर संभव प्रयास किया।

## सिकल सेल एनीमिया के प्रति रहे जागरूक, कराए निःशुल्क जांच

शहडोल। विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस 19 जून को प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। इस का उद्देष्य सिकल सेल एनीमिया के प्रति लोगो में जागरूकता लाना। यह बीमीरी एक अनुवांषिकी बीमारी है पीढी दर पीढी होती जाती है। सिकल सेल के उन्मूलन के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर कार्य और शोध किये जा रहे है। इसे खत्म करने के लिए कॉलेजो, स्वास्थ्य केंद्रो, स्कलों आदि स्थानों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस बीमारी में जांच जिला अस्पतालों में निःशुल्क की जाती है और यदि किसी व्यक्ति को सिकल सेल होता है तो उस स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर फालोअप किया जाता है और डॉक्टरों द्वारा सिकल सेल को खत्म करने हेतु विशेष सलाह एवं दवाईयां दी जाती है। हमें सिकल सेल के प्रति स्वय जागरूक होना होगा और दूसरों को भी सिकल सेल के प्रति जागरूक करना होगा। सिकल सेल एनीमिया के लक्षण- थकावट एवं सांस फूलना, खून की कमी होना, मौसम बदलने पर बीमार होना, बार-बार बुखार, सर्दी-खांसी ,हाथ पैर जोड़ो में सूजन और तिल्ली का बढना जैसे अन्य लक्षण शामिल है।

**सिकल सेल एनीमिया से बचाव**

वैवाहिक परामर्श, विवाह से पहले अगर दोनों व्यक्ति सिकल सेल ट्रेट (वाहक) हैं, तो उन्हें संतान में बीमारी होने का खतरा ज्यादा होता है, रक्त परीक्षण से यह पता लगाया जा सकता है, नवजात की स्क्रीनिंग, जन्म के तुरंत बाद बच्चों की जांच से बीमारी की जल्दी पहचान और इलाज संभव है, नियमित टीकाकरण और देखभाल, संक्रमण से बचने के लिए विशेष टीके जैसे कि निमोनिया और मेनिंजाइटिस के खिलाफ टीकाकरण।

### 50 साल का कब्जा बताया पर दस्तावेज नहीं कर पाये पेश

# दलीलें दरकिनारः आवास की आड़, खाली कराया भू-खण्ड



## धनपुरी में अब तक की सबसे बड़ी अतिक्रमण विरोधी मुहिम







**पालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 07 में लगभग 5 एकड़ भूमि राजस्व रिकार्डो में नजूल की प्रमाणित होने के बाद बुधवार को बड़ी की गई, कब्जाधारक जमीन पर अपना पुस्तैनी हक तो बताते रहे, लेकिन प्रशासन ने दलीलों को दरकिनार कर राजस्व अमले की अगुवाई में बड़ी कार्यवाही अंजाम दिया।**



हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।

नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 7 में बुधवार को तहसीलदार, आरआई, पटवारी सहित धनपुरी और अमलाई थाने की पुलिस के अलावा नगर पालिका का लगभग अमला अतिक्रमण की गई नजूल की भूमि को मुक्त कराने पहुंचा, डेढ़ से दो घंटे तक कब्जाधारकों ने अपनी दलीलें दी, जेसीबी के सामने लेट गये, यही नहीं महिलाओं और बच्चों ने भी कब्जा न हटाने को लेकर जमकर हंगामा किया, उनकी दलील थी कि राजस्व अमले के साथ मिलकर नगरपालिका उनकी पुस्तैनी भूमि को एक स्थान से दूसरे स्थान सरका रही है। जबकि राजस्व अमले ने भूमि को नजूल की होना चिन्हित किया, भारी पुलिस बल के बीच नगरपालिका के कर्मचारियों ने फिलहाल दो से तीन एकड़ भूमि अतिक्रमण से मुक्त करवाई और उस पर नपा का बोर्ड और तारों से फैंसिंग भी कर दी। नागरिकों ने इसे चुनाव के समय वोट न देने के कारण पार्षद के द्वारा द्वेषवश कार्यवाही होना बताया और न्यायालय जाने की बात कही।

### कब तक बनेगा पीएम आवास

जिस भूमि पर अतिक्रमण किया गया था, वहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के लिए मकान बनाए जाने हैं। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि पहले भी अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन कब्जाधारियों ने जमीन खाली नहीं की। धनपुरी में यह घटना एक बार फिर बताती है कि प्रशासनिक कार्रवाई और अंधविश्वास के टकराव में कैसे जनहित की योजनाएं रुक जाती हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस जमीन पर पीएम आवास का सपना कितनी जल्दी साकार कर पाता है।





### दरवाजा तोड़कर महिला को निकाला

पीएम आवास योजना के तहत प्रस्तावित निर्माण स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंची टीम को जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा। धनपुरी नगरपालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 7 पर में लगभग 5 एकड़ भूमि पर कब्जा मुक्त कराने पहुंची नगरपालिका की जेसीबी ने निर्माण ढहाने की कोशिश की, महिलाएं और बच्चे मशीनों के आगे लेट गए। इस दौरान अतिक्रमणकारियों और पुलिस बल के बीच जमकर हाथापाई भी हुई। हालात इतने बेकाबू हो गए कि एक महिला ने खुद पर 'काली माता' आने का नाटक कर कार्रवाई को रोकने की कोशिश की, वहीं एक अन्य ने आत्मदाह का प्रयास करते हुए खुद को कमरे में बंद कर लिया, स्थिति तनावपूर्ण होती देख पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकाला। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। घंटों चले ड्रामे और विरोध के बीच अंततः नगर पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की।



## भारत विकास परिषद द्वारा योग शिविर का आयोजन

शहडोल। भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा द्वारा विश्व योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बाल उद्यान में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का संचालन योग गुरु श्रीमती नीति सिंघल द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराते हुए योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। परिषद् के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा योग को वैश्विक मान्यता प्राप्त हुए 11 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस वर्ष की थीम *"एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य है, जिसके तहत यह आयोजन समग्र मानव कल्याण एवं पर्यावरणीय संतुलन को बढ़ावा देने हेतु किया जा रहा है। शिविर 21 जून तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय नागरिकों की सहभागिता उत्साहजनक रही। आज के योग सत्र में परिषद की उपाध्यक्ष श्रीजा गुप्ता, संरक्षक विजय जैन, सदस्यगण श्रीलेखा जौहरी, मंजुलता, देवी सिंह, कीर्ति खटोड़, अनीता जैन, निधि श्रीवास्तव, नीलम उपाध्याय, पूजा मेहंदीरेत्ता, एसएस जौहरी, एवं अखिलेश कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मेडिकल कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

शहडोल।

स्थानीय मेडिकल कॉलेज में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मार्गदर्शन कार्यक्रम अध्यक्ष आधिष्ठाता डॉ. जी.बी.रामटेके ने किया। इस कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह, अस्पताल प्रबंधक डॉ. साबिर खान, सहायक प्राध्यापक डॉ. विशाल चौबे और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रियंका द्विवेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. रामटेके ने समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि समाज को भी कमजोर करता है। डॉ. नागेंद्र सिंह ने अपने वक्तव्य में छात्रों से



नशे से दूर रहने और दूसरों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने बताया कि युवाओं का मार्गदर्शन करना और सही दिशा में प्रेरित करना अत्यंत आवश्यक है। अस्पताल प्रबंधक डॉ. साबिर खान ने अपने उद्बोधन में जोर देते हुए कहा कि नशा केवल मदिरा या धूम्रपान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विनाश की जड़ है। उन्होंने उपस्थित लोगों से यह संकल्प लेने का आग्रह किया कि वे स्वयं नशामुक्त रहेंगे और समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाएंगे। इस कार्यक्रम में डॉ. विशाल चौबे (सहायक प्राध्यापक) ने नशे की मानसिक और शारीरिक हानियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं को इससे बचने के उपाय सुझाए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। कॉलेज प्रशासन ने इस पहल को सराहा और भविष्य में ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने का आश्वासन दिया। एमबीबीएस और बीपीटी के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, रंगोली और पोस्टर के माध्यम से लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त रहने और जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### सिकल सेल दिवस पर आयोजित होगे विभिन्न कार्यक्रम

शहडोल।विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय कन्या शिक्षा परिसर शहडोल (कंचनपुर) में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। 19 जून से 3 जुलाई तक सिकिल सेल एनीमिया के प्रति जागरूक करने के लिए चित्रकला, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता, नाटक एवं गायन कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## सत्ता की बिसात पर दौड़ेंगे पंचायत राज के कारिंदे

### शहडोल की 391 पंचायतों के 81 सचिवों के तबादलो की सिफारिश

शहडोल। तबादलों के सीजन में कलेक्टर से लेकर पुलिस के आलाधिकारियों और तमाम विभागों के साथ ही भारत की आत्मा कहे जाने वाली ग्राम पंचायतों के सचिवों के भी तबादलों का दौर शुरू हो गया है। सचिवों के तबादले के लिए पंचायत ग्रामीण विकास विभाग ने जो गाइड लाईन तय की है, उसके अलावा आरोपों और शिकायतों से घिरे सचिवों के तबादले की सूची जिला प्रशासन ने तय कर ली। बावजूद इसके कुछ सचिवों को वापस उन्हीं की पंचायत में भेजने और कुछ को मलाईदार स्थानों पर भेजने के लिए जिले भर के सैकड़ा भर सचिव खद्दरधारियों की चौखट माप रहे हैं, हालात यह हैं कि जिला प्रशासन ने अभी तबादले की सूची जारी नहीं की, इधर 391 पंचायतों में 81 पंचायतों में अपने मनपसंद सचिव बैठाने के लिए सत्ता व संगठन ने अपने सिफारिश पत्र जिला पंचायत को सौंप दिये हैं।




### ब्यौहारी विधायक अव्वल, सांसद पिछड़ी

जिले की तीनों विधानसभा के विधायकों ने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व अन्य कारणों से सिफारिश पत्र जिला पंचायत को भेजे हैं, विधायकों द्वारा भेजे गये पत्रों में ब्यौहारी विधायक शरद कोल ने 21 सिफारिश पत्र लिखे हैं, वहीं जैतपुर के जयसिंह मरावी ने 17 और जयसिंहनगर की मनीषा सिंह ने 16 सिफारिश पत्र भेजे हैं, सिफारिशों के इस दौड़ में संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने सिर्फ 01 सचिव की सिफारिश अपने पत्र के माध्यम से की है। इसी क्रम में 5 जनपदों में से सिर्फ बुढ़ार जनपद की अध्यक्ष ने 6 सिफारिश पत्र और बुढ़ार के ही उपाध्यक्ष ने दो सिफारिश पत्र जिला पंचायत को भेजे हैं।

### सत्ताधारी संगठन का रसूख

391 ग्राम पंचायतों के 81 सचिवों के लिए उनकी मनपसंद पंचायत दिलाने हेतु भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि और मनोनीत नेता सबसे आगे हैं, हालात यह हैं कि सिर्फ राजनैतिक दलों ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष के ही सिफारिश पत्र या तो माने गये हैं या फिर दूसरे राजनैतिक दलों के पत्र पहुंचे ही नहीं। भाजपा की जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने 10 ग्राम पंचायतों के सचिवों के तबादलों के सिफारिश पत्र जिला पंचायत को भेजे हैं, इस मामले में केशवाही के मण्डल अध्यक्ष ने भी पूरे जिले के मण्डल अध्यक्षों को पीछे छोड़ते हुए संगठन की धौंस में एक पंचायत के सचिव के तबादले की न सिर्फ सिफारिश की, बल्कि जिला पंचायत ने उस पर मोहर लगाते हुए कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर दिया।

### सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन के लिए प्रो. मनीषा ने निभाई महती भूमिका

# यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से हो चुकी है सम्मानित

शहडोल।

सिकल सेल एनिमिया एक अनुवांशिकी बीमारी है इसकी रोकथाम के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है और सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन के लिए उत्कृष्ट कार्य वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में सिकल सेल एनिमिया की निःशुल्क जांच कराई जाती है।

सिकल सेल एनिमिया को जड़ से खत्म करने के लिए स्कूली छात्र-छात्राएं, महिलाएं, समाजसेवी व अन्य लोगों द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर सिकल सेल एनिमिया के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

संभागीय मुख्यालय शहडोल के पं. शंभूनाथ विश्व विद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ डॉ. मनीषा शुक्ला ने सिकल सेल एनिमिया के प्रति लोगो को जागरूक करने तथा शोध के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। प्रो. मनीषा शुक्ला ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया में रिसर्च किया है यहां पर मेरा काम टीचिंग एवं रिसर्च का है शहडोल रीजन में सिकल सेल एनीमिया जेनेटिक डिसीज संबंधी समस्याएं बहुतायत में है। विगत ढाई साल से मैं लगातार इस क्षेत्र में काम कर रही हूं। अब तक किये गए शोध कार्यो को मैंने एमपी सीएसटी यंग साइंटिस्ट अवार्ड में प्रस्तुत किया। जहां मेरे शोध को सराहा गया तथा मुझे प्रथम यंग साइंटिस्ट अवार्ड मिला जिसमें मुझे 25 हजार नगद तथा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।



इस बीमारी में सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं को और उनके बच्चो को होती है, उनको पता भी नहीं चल पाता है। जन सामान्य को विशेषकर सिकल सेल पीड़ित लोगों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी का अभाव रहता है। मैंने सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाने का कार्य किया। इस दौरान मैंने बहुत सारी केस स्टडी लिखी, उन बच्चों से मिली और उनके बारे में जाना कि वे सिकल सेल एनिमिया से पीड़ित होने पर कौन-कौन सी परेशानियों से गुजरते हैं और उस चीज को मैंने अपने काम में दिखाया साथ में पैथोलॉजिकल स्टडी भी की।

## ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लगाया गया शिविर



शहडोल। 15 जून से 30 जून तक जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत इस अभियान के अन्तर्गत शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान, जनधन खाता के वितरण के साथ ही सिकलसेल रोग और उसके परीक्षण के विषय में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत गिरूईखुर्द में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर लगाया गया तथा शिविर में आए लोगों को पात्रतानुसार लाभ दिलाया गया। साथ ही शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान भारत, कार्ड जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान, जनधन खातों के विवरण के साथ ही शिविर के माध्यम से सिकिल सेल रोग और उनके परीक्षण के बारे में आम जनता को जागरूक किया गया। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनजातीय समुदाय के लोगो को सशक्त बनाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जाएगा।

## 21 जून को आयोजित होगा सामूहिक योग दिवस के कार्यक्रम



शहडोल।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने 21 जून को आयोजित किये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पुरूष एवं महिला क्लब, स्वय सेवी संस्थाओं, योग के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं, एनसीसी, स्काउड, एनएसएस, के विद्यार्थियों, खेल गतिविधियों के जुड़े खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों, शासकीय सेवको तथा योग प्रशिक्षकों की सूची तैयार कर उन्हें आमंत्रित किया जाए। जिले में जिला मुख्यालय सहित धार्मिक स्थलों तथा अन्य स्थानों में आयोजित होने वाले सामूहिक योग के कार्यक्रम हेतु अतिथियों को आमंत्रित करने का कार्य पहले से ही पूरा कर लिया जाए।

कलेक्टर ने आयुष विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, नगरीय निकायों तथा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों सहित ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्थल चयन, समय तथा अतिथियों के आमंत्रण की कार्यवाही पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, श्रीमती ज्योति परस्ते, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अखिलेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैप्सूल और हार्वेस्टर में हुई भिडंत

उमरिया। जिला मुख्यालय से होकर शहडोल की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में बुधवार की शाम तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है,जिला मुख्यालय से होकर मंगठार पावर प्लांट की ओर जा रहा कैप्सूल ट्रक सामने से आ रहे हार्वेस्टर से टकरा गया,टक्कर इतनी तेज थी कि हार्वेस्टर मशीन पूरी तरह चकनाचूर हो गई और उसमें सवार ड्राइवर एवं सहायक गंभीर रूप से घायल हो गए,घटना की जानकारी के बाद बांधवगढ़ एसडीएम कमलेश नीरज डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कोतवाली टीआई बालेंद्र मिश्रा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका उपचार किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण आज

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का निरीक्षण 19 जून को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। उन्होने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से ईव्हीएम गोडाउन कलेक्ट्रेट परिसर उमरिया में स्वयं या अपने प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपेक्षा की है।

### एसडीएम ने अवैध रेत उत्खनन पर की कार्यवाही

**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंबिकेश प्रताप सिंह ने अवैध रेत उत्खनन के मामले में कार्यवाही करते हुए ट्रेक्टर क्रमांक 54- ए 9869 को जप्त कर पाली थाने मे सुपुर्द किया है। बताया जाता है कि पाली तहसील क्षेत्रान्तर्गत परसौरा से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा था, जिस पर एसडीएम व्दा रा कार्यवाही की गई है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में समीक्षा बैठक संपन्न



**उमरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली मे राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा एच डब्लू सी पर परिवार नियोजन के अंतर्गत कॉपरटी, पीपीआईयूसीडी, इंजेक्शन अंतरा तथा टैब छाया प्रदायगी की समीक्षा सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, बीईई, लेबर रूम नर्सिंग स्टाफ तथा औषधि भंडार प्रभारी की उपस्थिति मे की गई। सभी को निर्देशित किया गया कि आगामी वर्ष मे परिवार नियोजन संबंधित सेवाएं निरंतर समुदाय स्तर तक मिलती रहें।

### 39 वां नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र



**उमरिया।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), राजा बाबू सिंह के कुशल मार्गदर्शन में, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया के पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य के निर्देशन में, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया में 39वा नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 संचालित किया जा रहा है, जिसमें 17 जून को प्रशिक्षुओं को प्रातः कालीन आउटडोर प्रशिक्षण के तहत पीटी एवं योग प्रशिक्षण दिया गया तत्पष्चात हार्टफुलनेस योग प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के तौर पर प्रधान आरक्षक ऋतुराज सिंह द्वारा हार्टफुलनेस योग अभ्यास कराया गया। द्वितीय सत्र में टीम गेम्स कराया गया। प्रशिक्षण में आज दिनांक की स्थिति में 12 जिलों से आमद आए नामांकित 56 नव आरक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## जयसिंहनगर नगर परिषद में कर्मचारियों का टोटा

# अव्यवस्थाओं और विवादों से घिरी परिषद पर नया संकट

**जयसिंहनगर/शहडोल। जिले ही नहीं संभाग के निकायों से जयसिंहनगर की तुलना की जाये तो, यहां विकास की गति का अनुपात अन्य की तुलना में सबसे कमतर ही रहा। वर्तमान में सीएमओ एक पखवाड़े से नदारद है, कुछ कर्मचारियों के तबादले और कुछ की सेवानिवृत्ति होनी है, पहले से ही कर्मचारियों की कमी के बाद अब यहां खाली कुर्सियों का नया संकट नजर आ रहा है।**

नगर परिषद के नाम पर भले ही विधानसभा का गठन कर दिया गया हो, बावजूद इसके इसका लाभ ब्लाक मुख्यालय को मिलता नजर नहीं आ रहा है, जिस परिषद को विकास की ईबारत लिखने के लिए पहचाना जाना चाहिए था, वह गांजे की तस्करी के लिए पूरे प्रदेश में सुर्खियां बटोर रहा है। स्थानीय परिषद से लेकर जनपद और ब्लाक में भाजपा पदाधिकारियों का कब्जा है, क्षेत्र से लगातार 25 सालों से भाजपा के विधायक ही चुने जाते रहे, सांसद भी लगातार भाजपा से ही हैं, बावजूद इसके संगठन और सरकार की नजर में जयसिंहनगर को कभी वह तवज्जों नहीं मिली, जिसका वह हकदार रहा है। परिषद में पहले से ही कर्मचारियों की कमी थी, आमजन सामान्य कार्यो के लिए इंतजार करते रहते थे, नई व्यवस्थाओं में परिषद लगभग खाली हो चुकी है, ऐसे में शासन की योजनाएं और आमजनों के दैनिक कार्य प्रभावित होने लगे हैं।




### तबादलों-सेवानिवृत्त से खाली हुआ परिषद

परिषद में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक चंद्र प्रताप कुशवाहा का 8 जून को जारी आदेश में तबादला कर दिया गया, वहीं 17 जून को श्रीमती सविता तिवारी सहायक ग्रेड-2 और हरिगोविंद चतुर्वेदी स्वच्छता निरीक्षक के साथ ही एक अन्य सहायक राजस्व निरीक्षक अजय कोल का स्थानांतरण कर दिया गया। दूसरी तरफ इसी माह उपयंत्री राधारमण तिवारी और सहायक ग्रेड-2 अरूण द्विवेदी भी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इन सबके जाने के बाद रिक्त पदों को भरने के लिए अभी तक कोई आदेश सामने नहीं आया।

### सीएमओ की खबर नहीं

परिषद में पदस्थ सीएमओ निशांत ठाकुर बीते करीब एक पखवाड़े से नदारद बताये जाते हैं, उन्होंने अवकाश ले लिया है या फिर तबादला या कार्यवाही हुई है, यह तो नगरीय निकाय विभाग के जिम्मेदार ही जाने, लेकिन स्थानीय नगरिकों की माने तो, सीएमओ ने जयसिंहनगर से अपना सामान तक अन्यत्र भेज दिया है, उनके न रहने पर परिषद के लगभग कार्य ठप्प से पड़े हैं।

### रास नहीं आ रही भाजपा

स्थानीय नागरिकों की माने तो, तीन वर्ष पूर्व निकाय चुनावों के दौरान जयसिंहनगर में स्थानीय जनता ने कांग्रेस को वोट देकर परिषद की कुर्सी सौंपी थी, लेकिन इसके बाद सत्ता का स्वाद चखने के फेर में अध्यक्ष ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया, लेकिन पूर्व से भाजपा की जिम्मेदारी सम्हाल रहे सत्ता और संगठन के लोगों को यह आज तक रास नहीं आया। वहीं अध्यक्ष भी भाजपा में जाने के बाद संतुलन बनाने में असफल रहीं। शायद यही कारण है कि भाजपा के स्थानीय विधायक और संगठन सहित प्रशासन ने भी जयसिंहनगर की जनता से मुंह मोडक़र परिषद को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

# इनमोसा कंचन ओपन कास्ट द्वारा विदाई समारोह का सफल आयोजन



**नौरोजाबाद।** एसईसीएल जोहिला क्षेत्र की प्रमुख खदान कंचन ओपनकास्ट में सीनियर ऑफिसर के पद पर एनसीएल पदोन्नत होने पर विद्यासागर मिश्रा के विदाई समारोह का सफल आयोजन कंचन इनमोसा परिवार के द्वारा किया गया। जिसमें जोहिला क्षेत्र इन्मोसा के नव निर्वाचित क्षेत्रीय सचिव मनोज सोनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष भृगुनाथ, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रमोद सिंह, इनमोसा के वरिष्ठ साथी सुभाष गौर और कंचन परियोजना के सभी माइनिंग स्टाफ़ उपस्थित रहे। मंच का संचालन इकाई के सचिव ओवरमैन अर्जुन सिंह के द्वारा किया गया व कार्यक्रम की संपूर्ण योजना और सभी सदस्यों धन्यवाद ज्ञापन इकाई के अध्यक्ष आर. पी. मंडल के द्वारा किया गय़ा। कंचन परियोजना के सभी साथियों ने श्री मिश्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके सम्मान समारोह में बहुत गर्मजोशी से उनका स्वागत किया व माइनिंग स्टाफ़ निरल सांगा, संतोष शर्मा, पुरुषोत्तम सिंह, अमरनाथ पांडे, सुनील शुक्ला, राकेश साहू, अमित द्विवेदी, अवनीश शुक्ला, दीपक बिलथारिया, सुनील कोरी, अवध वर्मा, मनीष पांडे, कपिल पाटकर, विनोद रजक, अपूर्व श्रीवास्तव, संदीप मिश्रा, अंगद शर्मा, अतुल गोस्वामी, जीतेन्द्र सिंह, सुमित सुदामुल्ला, शुभम, शिवम, रितिक आदि सभी माइनिंग स्टाफ ने खुशी का इजहार किया और भविष्य में ऐसे ही इनमोसा के सक्रिय रहने आशा की है।

## पुलिस ने किया अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा

# ससुर ने जायदाद देने से किया मना, बहु ने उतारा मौत के घाट

**उमरिया।** 16 मई को चौकी बिलासपुर थाना कोतवाली के ग्राम बिरसिंहपुर निवासी चंद्रप्रकाश तिवारी उम्र 65 साल अपने घर की परछी में चारपाई पर लेटे हुए थे, चारपाई के नीचे फर्श पर काफी खून पड़ा हुआ था, चेहरे के ऊपर तकिया रखा हुआ था एवं सिर चोट के घाव दिख रहे है किसी के द्वारा 15-16 मई की दरम्यानी रात सोते समय धारदार चीज से वार कर उनकी हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल को सुरक्षित कर प्रारंभिक कार्यवाही शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी सुश्री सविता सोहाने, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनु. अधि. पुलिस उमरिया द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही बारीकी से साक्ष्य संकलन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। प्रकरण की विवेचना, साक्ष्य संकलन एवं आस-पास व अन्य लोगो से की गई पूछताछ से मृतक की बहु रंजना तिवारी के घटना कारित करने के प्रबल संभावना सामने आयी, जिस पर पुलिस टीम द्वारा संदेही रंजना तिवारी से बारीकी से पूछताछ की गई, जिसके द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बतलाया गया कि उसके ससुर चंद्रप्रकाश तिवारी उम्र 65 साल द्वारा आपसी विवाद एवं पारिवारिक कारणो से उसको घर से निकाल दिया एवं अपनी सम्पत्ति देने से साफ इनकार कर दिया गया कि कुछ भी हो जाये मृतक अपनी शासन या किसी ओर को दान कर देगा, परंतु अपनी बहु-बेटे को कुछ भी नही देगा। इस बात से द्वेष रखते हुये मामले की मृतक की बहु रंजना तिवारी जो कि इस बात के जानती थी कि मृतक घर के बाहर सोता है, घटना दिनांक की रात अपने घर ग्राम बडख़ेरा से ग्राम बिरसिंहपुर आयी और कुल्हाड़ी से वार कर मृतक की हत्या कर बाद कुल्हाडी एवं घटना के दौरान टूटी चूडिय़ो के रास्ते में बन्ना नाला में फेंक दी। महिला आरोपी रंजना तिवारी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी एवं टूटी चूडिय़ो के टुकड़े काफी प्रयास से बरामद किये गये, मामले में आरोपिया के गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# सचिव को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस

**उमरिया।** जनपद स्तरीय बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत की समीक्षा में देवगवा खुर्द की प्रगति संतोष जनक न पाये जाने के कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया ने सचिव भण्डारी सिंह को कारण बताओं नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर जबाब मांगा है। यद्यपि समीक्षा बैठक के दौरान एक उपयंत्री समेत अन्य कई सचिवों को निलंबित करते हुए, कई सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है, उनमें यह भी शामिल हैं। चर्चा है कि उक्त पंचायत सचिव जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के आदेशों को कभी तव्वजो नहीं देते, यही वजह है कि उक्त सचिव कभी भी जनपद स्तरीय बैठक और जिला स्तरीय बैठको में भाग नहीं लेते, इस बैठक में भी वह अनुपस्थिति ही रहे। फिर भी मिली नोटिस में इस बात का उल्लेख नहीं किया गया, जैसे उपस्थित वालों को नोटिस दी गई थी, उसी तरह इन्हें भी थमा दी गई, जबकि बैठक में उपस्थित न होना, अपने आप में अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है, उक्त सचिव इनके विरूद्ध हुई शिकायतों, बैठकों से अनुपस्थिति, ग्राम पंचायत में न जाना आदि सवालों से ही आज न्यूनतम विकास गति चल रही है। देखना लाजिमी होगा कि इस पर जिला पंचायत के मुखिया कार्यवाही करते हैं कि इस मामले को भी अन्य मामलों की भांति ठण्डे बस्ते में दफन कर दी जायेगी।

# विश्व सिकल सेल दिवस आज मनाया जाएगा



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल ने बताया कि विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को आयोजित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्र सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 हेतु जिले में विश्व सिकल सेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पूर्व से स्क्रीनिंग जांच के आधार पर परामर्श एवं नवीन हितग्राहियों की स्क्रीनिंग समस्त स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जनजाति कार्य मंत्रालय के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से चिन्हित गांव में धरती आभा अभियान अंतर्गत 40 वर्ष तक के आयु वर्ग के हितग्राहियों की सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग जांच किट से की जाएगी एवं स्क्रीनिंग का डाटा नेशनल सिकल सेल पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग कर मध्य प्रदेश में उमरिया प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिले में अब तक 2 लाख 17000 स्क्रीनिंग की जा चुकी है उन्होंने आगे बताया कि जिले में अब तक 436 सिकल सेल से ग्रसित मरीज पाए गए हैं एवं 2706 वहक के रूप में पाए गए हैं जिनका समय-समय पर उपचार एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल डिसेबिलिटी कार्ड 396 अब तक वितरण किया जा चुके हैं एवं एक 195 000 कार्डों का वितरण किया जा चुका है नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी द्वारा आमजन से यह अपील की गई है कि सिकल सेल एनीमिया रोग को उन्मूलन करने हेतु समाज को आगे आना होगा एवं जागरूक होना होगा जिसमें उन्होंने बताया की शादी से पहले लडक़ा एवं लडक़ी की सिकल सेल एनीमिया की जांच करना आवश्यक है जिससे कि आगामी पीढ़ी को वंशानुगत बीमारी से बचाए जा सके।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव के उपरांत 72 घंटे के अंदर नवजात की जांच भी किया जा रहा है एवं निमोकॉक्कल वैक्सीन का उपयोग भी किया जा रहा है प्रथम जानकारी पर पहले टीका एवं दो माह उपरांत दूसरा टीका लगाया जा रहा है साथ ही साथ परिवार एवं सदस्यों को परामर्श सेवाएं भी प्रदान की जा रही है जिससे कि परिवार उचित निर्णय लेकर में बच्चों की जांच कर अच्छी जिंदगी मिल सके।

# रामनगर पुलिस ने दुष्कर्म के 2 आरोपी को किया गिरफ़्तार

**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस ने एक नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 04 घंटे के भीतर अपहृता को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया था। 14 जून को रात्रि लगभग 09:30 बजे एक नाबालिग लड़की घर से लापता हो गई थी। परिजनों द्वारा 15 जून की सुबह 08:30 बजे थाना रामनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर तत्काल अपराध क्रमांक 166/25 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सुमित कौशिक के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा लगातार सुराग जुटाकर 15 जून को दोपहर 12 बजे अपहृता को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। लड़की के कथन लिए गए तथा 15.06.25 को मेडिकल परीक्षण कराया गया। तत्पश्चात 16.06.25 को न्यायालय में बालिका का बयान दर्ज कराया गया। इस आधार पर मामले में धारा 64,65 (1),70 (2), 351 (3) बीएनएस व 3/4,5/6 पॉक्सो अधिनियम बढ़ाई जाकर प्रकरण में संलिप्त आरोपी साहिल केवट पिता रामचंद केवट एवं लखन केवट पिता मूलचंद केवट दोनों निवासी ग्राम रेउंदा थाना रामनगर को गिरफ़्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। तीसरे आरोपी कामता केवट की तलाश जारी है। पुलिस द्वारा उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, उप निरीक्षक बी.एल. परस्ते, एएसआई विनोद नाहर, प्रधान आरक्षक अमित पटेल, प्रआर योगेन्द्र मिश्रा, आरक्षक अनुराग सिंह, अनुराग भार्गव, मूरत सिंह, म आर सीमा तिवारी, संगम तोमर एवं आर. पंकज मिश्रा की विशेष भूमिका रही।



# पुलिस ने जप्त किया अवैध रेत से लोड ट्रैक्टर

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा क्षेत्र में बरसात लगने से पहले रेत चोरी का काला कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। कुछ दिनों बाद बारिश प्रारंभ होते ही नदी नालों से रेत निकालना मुश्किल हो जाएगा। जिस कारण माफियाओं द्वारा बेखौफ होकर जीवनदायिनी केवाई नदी सहित आसपास के नालों से दिन रात रेत चोरी करने के साथ स्टॉक भी कर रहे हैं। सोमवार को पुलिस ने बसखली तिराहे के पास अवैध रेत से लोड ट्रैक्टर को परिवहन करते पाए जाने जप्त करते हुए कार्रवाई की गई है। विवेचक रामयादव ने बताया कि गुप्त सूचना पर गाड़ी रोकते हुए वाहन चालक से परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर नहीं पाया गया। ट्रैक्टर में घन मीटर अवैध रेत कीमती वाहन एवं रेता 5 लाख 5 हजार की बताई जा रही है। वाहन को जप्त करते हुए आरोपी अमन गुप्ता 39 निवासी थोड़हा के खिलाफ रेत चोरी की धारा 303 (2) 317 (5) एवं खान एवं खनिज अधिनियम के धारा 4/21 के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई है। विदित रहे कि इनदिनो केवाई नदी के इमली घाट, बमौर घाट, चांगेरी, कटकोना एवं पैरीचूहा के घाटों से पूरी रात माफियाओं द्वारा रेत चोरी करने के साथ स्टॉक करने में जुटे है। जिसमें खनिज विभाग की उदासीनता देखी जा रही है।

# ग्राम पंचायत दुब्बार में की गई आयुष्मान कार्ड की समीक्षा



**उमरिया।** आयुष्मान जिला नोडल अधिकारी डा एसबी चौधरी ने ग्राम पंचायत दुब्बार में महेश महोबिया जी आर एस से चर्चा कर आयुष्मान हितग्राहियो की जानकारी ली गई, जिससे बताया गया कि ग्राम पंचायत मे कुल 2332 हितग्राहियो मे से 1427 हितग्राहियो के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं, शेष बचे 907 हितग्राहियो मे से कुछ मृत हो गये है, कुछ स्थायी रूप से बाहर चले गये है, कुछ का लड़कियों का विवाह हो गया हैं। उन्होंने 1 दिवस मे अपडेटेड सूची आशा कार्यकत्ता को उपलब्ध कराने तथा उनके सहयोग से शेष पात्र आयुष्मान हितग्राहियो के कार्ड बनवाने की बात कही।



# एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया पौधरोपण

**उमरिया।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया में सहायक उप निरीक्षक इंडक्शन कोर्स 2025 के समापन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), राजा बाबू सिंह पुलिस मुख्यालय भोपाल के नवाचार की पहल एवं कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार उक्त प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओं सहायक उप निरीक्षको द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रशिक्षुओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख मुकेश वैश्य पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया, उप पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) श्रीमती लवली सोनी, उप पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण) श्री हिमांशु चौबे पीटीएस उमरिया एवं संस्था के अधिकारी/कर्मचारियो व प्रशिक्षण में आए शहडोल, बालाघाट एवं जबलपुर जोन से जिला शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, जबलपुर एवं कटनी के नामांकित 46 सहायक उप निरीक्षको ने भाग लिया।

खबर संक्षेप



## रात में पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि नशे में वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाए। इसी कड़ी में माधव नगर थाना पुलिस ने रात में सघन चेकिंग अभियान संचालित किया। संदेहास्पद लोगों तथा वाहनों की गहन जाँच की गई। पुलिस द्वारा यह चेकिंग अभियान माधव नगर गेट पर चलाया गया थाना प्रभारी अभिषेक चौबे का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आगे भी इस तरह की चेकिंग अभियान जारी रहेगा लोगों से अपील है कि पैनिक ना हो, और प्रशासन का सहयोग करें जहां देखा गया की बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी चेकिंग अभियान चलाया गया।

## वार्ड में चला सघन फॉगिंग अभियान

**कटनी।** शहर में मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही तमाम आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए है। आदेश के परिपालन में दो पालियों के माध्यम से शहर की सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयास के साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग (दवा का छिड़काव) किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निर्देशों के अनुपालन में विगत दिवस निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्रीय वार्ड पार्षद की जानकारी एवं वार्ड दरोगा की मौजूदगी में संत कवरराम वार्ड क्रमांक 42 के विभिन्न स्थलों मानसरोवर कालोनी, रॉबर्ट लाइन, चंदू कोयला मार्ग, सतीश मोटवानी मार्ग, लीला राम डेयरी, गंगाराम कटारिया मार्ग,बंगाली कॉलोनी की विभिन्न गलियों सहित वार्ड के अन्य स्थलों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुंआ का छिड़काव का कार्य किया गया।

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण की हुई समीक्षा



**कटनी।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सुचारू संचालन के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने खाद्यान्न उठाव की स्थिति, बच्चों की उपस्थिति, एसएमएस मील सर्व, रसोइयों के प्रशिक्षण व स्कूल में खाने के सैंपल की जांच की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा श्री गेमावत ने जिन विद्यालयों द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्य किया जा रहा है, वहां शीघ्र स्व-सहायता समूह से प्रस्ताव मंगवाने बीआरसी को निर्देशित किया । बैठक में जनपद पंचायत कटनी, रीठी, बहोरीबंद, बड़वारा, ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एपीसी, बीआरसी, बीएसी की उपस्थिति रही।

## जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक का किया स्वागत

**कटनी।** मप्र जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड भोपाल से चित्रकूट जाते समय सोमवार देरशाम कटनी अल्प प्रवास पर पहुँचे। इस मौके पर जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के नेतृत्व में जिले के विकासखंड समन्वयकों,नवांकुर संस्थाओं और प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यपालक निदेशक ने परिषद की संचालित योजनाओं के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों के संचालन के संबंध में जानकारी ली। आगामी समय में प्रवास के माध्यम से ग्रामों में किए जाने वाले कार्यों और कार्यक्रमों के अवलोकन करने की बात कही।

# मातृ शिशु कल्याण स्वास्थ्य केंद्र में अतिक्रमणकारियों का कब्जा

## मुख्य द्वार के चबूतरे को तोड़ कर बना दिया पार्किंग

बुढ़ार।

रेल्वे स्टेशन मार्ग लखेरन टोला मात शिशु कल्याण स्वास्थ्य केंद्र में अतिक्रमण कारियों का कब्जा बढ़ाने लगा विगत कई वर्षों से मात शिशु केंद्र का रखरखाव एवं स्वास्थ्य अधिकारीयों के अनदेखी के चलते कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों के द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा करने के फिराक में है।





वार्ड क्रमांक 11/12 में स्थिति मात शिशु कल्याण केन्द्र कभी दिनों से बंद है और भवन की देखरेख कोई नहीं कर रहा है जिससे अब शासकीय आराजी को ही कब्जा कर अतिक्रमण कारियों के द्वारा निमार्ण किया जा रहा है साथ ही शासन की भूमि पर वाहन एवं खनिज मटेरियल का स्टाक कर कुछ वार्ड वासियों के द्वारा किया अपने मकान का निर्माण सामग्री रेत, गिट्टी, मिट्टी का ढेर लगा रखा है बुधवार को जब इस बात की जानकारी नगर परिषद को लगीं तो विभागीय अमाला मौके पर पहुंचकर शासकीय भूमि से खनिज मटेरियल हटाने को कहा है।

### चबूतरे की तोड़फोड़

मातृ शिशु कल्याण केन्द्र के मुख्य द्वार के चबूतरे को तोड़ कर निजी वाहनों को खड़ा करने का गैरिज बना रखा है और उक्त स्थल पर अपने निजी प्रयोग में लेकर अतिक्रमण कर रहे हैं।

### इनका कहना

नगर पंचायत मुख्य नगरपालिका अधिकारी से जब इस संबंध में जानकारी चाहीं गई तो उन्होंने कहा कि मात शिशु कल्याण केन्द्र हमारे सुपुर्द नहीं है स्वास्थ्य विभाग का काम है लेकिन मैं मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है यदि मटेरियल नहीं हटाते तो कल जप्त कर चालानी कार्रवाई की जावेगी।

**सौरभ श्रीवास्तव**
**प्रभारी सीएमओ नगर परिषद बुढार**

## वर्षा काल में निकलने वाले कई तरह के कीड़े होते हैं जहरीले, सावधानी जरूरी

# बरसात का मौसम आते ही तरह तरह के कीड़ों की भरमार से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरसात का मौसम आते ही तरह तरह के कीड़े-मकोड़ों का आतंक शुरू हो गया है। शाम होते ही बिजली चालू करने पर बल्ब-ट्यूब लाइट के आसपास बड़ी संख्या में कीड़े मंडराने लगते हैं। खासकर नालियों के आसपास लगे विद्युत पोलों में ये कीड़े बडी संख्या में दिखाई देते हैं। इन्हें भगाना काफी मुश्किल होता रहा है। लाइट की रोशन में घंटों तक ये कीड़े उड़ते रहते हैं। कई तरह के कीड़े घरों में प्रकाश देखकर अंदर घुसते हैं जिससे सबसे अधिक परेशानी बच्चों को हो होती है। कीड़े मकोड़े एवं जीव जंतुओं के काटने की आशंका से घर के बड़े बुजुर्ग भी चितिंत रहते हैं। घर के बाहर लगीं स्ट्रीट लाइट्स के आसपास भी छोटे कीड़ों की भरमार रहती है। कई बार कीड़ों की भरमार के चलते उठना बैठना खाना पीना भी कठिन हो जाता है। सबसे ज्यादा झींगुर, पंखीयारी, व काले कीड़े परेशानी का सबब बनते हैं। यदि इनको मारने के लिए दवा का छिड़काव करें तो स्थिति और बिगड़ जाती है। घर में भी लोग खाना मुश्किल से कर पा रहे हैं।



### क्या कहते हैं चिकित्सक

चिकित्सकों का कहना है कि बरसात में निकलने वाले कई कीड़े जहरीले होते हैं। इसीलिए लोगों को चाहिए इससे बच्चों का बचाव करें। वे भी शाम के पहले ही भोजन कर लें। अगर आपकी बालकनी में लाइट लगी हुई है और रात को चालू रखना चाहती हैं तो शाम होने से पहले अपने कमरे की खिड़कियों को बंद कर दें। वहीं बरसात के मौसम में खिड़कियों के आसपास पौधों को हटाकर रखें, दरअसल कुछ लोग घर के अंदर भी पौधे रखते हैं, लेकिन बरसात में शाम के टाइम इन्हें बाहर रख दें। शाम के समय कुछ देसी उपाय कर सकते हैं। इसके लिए सूखी नीम की पत्तियों भी जला सकते हैं। घरों के अलावा कार्यालयों व स्कूलों में बरसात के समय विषेले जीव निकलने के मामले समाने आते रहते हैं।

### बरसात में बरतें सावधानी

अच्छी बारिश के साथ ही खरीफ सीजन की खेती किसानी का कार्य शुरू हो जाता है ऐसे सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने लगती है। ग्रामीण क्षेत्रों में बाड़ियों व कच्चे घरों में सर्प एवं जहरीले कीड़ों के काटने के मामले बढ़ने लगते हैं।

### सूखी व सुरक्षित जगह की तलाश

सर्प पकड़ने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के समय घरों के आसपास खाली पड़े प्लाटों में पानी भरने की वजह से यह जीव जंतु सुरक्षित व सूखी जगह की ओर रुख कर लेते हैं। ऐसे में कई जगह घरों में घुस जाते हैं।

### सांप के काटने से युवती की मौत

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उरदानी में एक युवती को सर्प ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम उरदानी निवासी 18 वर्षीय दीपा केवट पिता मंजू केवट को जहरीले सर्प ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल में लाए जहां इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया।



# मुहास, देवगांव सहित बिलहरी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मंगलवार को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम मुहास मंदिर, देवगांव एवं बिलहरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सचिव के द्वारा ग्रामीणजनों को जन कल्याणकारी योजनों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही ग्रामीणजनों से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली और कहा कि अगर कार्ड बनवाए जाने में कोई समस्या आती है तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स के सहयोग से कार्ड बनवा सकते हैं।

**ग्रामीणजनों को जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी**

हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 की जानकारी प्रदान की और कहा कि किसी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी राजनिवास पाण्डेय, संदीप मिश्रा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

**नागरिकों को मिलेगी मूलभूत सुविधाएं, दूर होंगी परेशानियां**

# विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ 13 लाख रूपए से कराएं जाएंगे विभिन्न विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




नागरिकों को सड़क, पानी, बिजली आदि की सुविधाएं समय पर प्रदान कर नगर का चहुंमुखी विकास किये जाने हेतु महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है। निगम प्रशासन द्वारा लगभग 1 करोड़ 13 लाख 13 हजार 928 रूपये से विभिन्न विकास कार्य कराएं जाएंगे। सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए जिन वार्डों में सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया जाना है उन्में लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 6.73 लाख रूपये, जलापा देवी वार्ड में 6.63 लाख रूपये, 7.12 लाख रूपये सहित वार्ड के अन्य स्थलों में 7.29 लाख रूपये शामिल है। इसी तरह महात्मा गांधी वार्ड स्थित मलिन बस्ती में 8.41 लाख रूपये, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में 8.53 लाख रूपये, नेहरू वार्ड में 8.80 लाख की लागत से सी.सी सड़क का निर्माण कार्य कराया जायेगा।

जालपा देवी वार्ड मे राष्ट्रीय स्कूल ग्राउंड के पीछे रोड के दोनों ओर 4.65 लाख तथा मुक्तिधाम परिसर एन.के.जे के सामने मुख्य मार्ग की ओर 5.64 लाख की लागत से पेवर ब्लाक फ्लोरिंग का कार्य कराया जायेगा। जबकि बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित मुक्तिधाम परिसर में 4.38 लाख रुपये की लागत से रैम्प का निर्माण किया जायेगा। वहीं वंश स्वरूप वार्ड में चंदी की दफई में 8.80 लाख की लागत से बाउण्ड्रीवाल एवं परिसर में शीट लगाई जायेगी। इसके अतिरिक्त पंडित दीनदयाल वार्ड में बग्घा बाबा तलैया चित्रगुप्त मंदिर के बाजू से 1.60 लाख रुपये की लागत से प्रसाधन का निर्माण कार्य कराया जायेगा।

नगर की स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के विभिन्न स्थलों में 6.77 लाख, बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित जैन कॉलोनी में 9.61 लाख रूपये की लागत से विभिन्न स्थलों पर सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण, अंबेड़कर वार्ड के विभिन्न स्थलों में 9.67 लाख रूपये, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड सिविल लाईन में 4.25 लाख रूपये से राजू पहलवान के सामने वाली गली में नाली निर्माण का कार्य कराया जायेगा।

# महापौर ने 13 हितग्राहियों को अनुग्रह राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 16 जून को जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमायुक्त नीलेश दुबे एवं एमआईसी सदस्यों, योजनाओं के हितग्राहियों की गरिमामय मौजूदगी में देखा व सुना गया।



## लंबित प्रकरणों का संतुष्टीपूर्ण निराकरण करने दिए निर्देश

**कटनी।** सी.एम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण हेतु नगर निगम की गठित टीम उत्कृष्ट कार्य कर रही है, कुछ शाखा के द्वारा कार्य में रूचि नहीं लिए जाने के कारण ग्रेडिंग में प्रतिकूल असर पड़ रहा है, अतः ऐसे विभाग गंभीरता पूर्वक विभागीय शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करें। उक्त निर्देश नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे नें मंगलवार को आयोजित सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक के दौरान निगम के लेबल अधिकारियों को दिए।

# ड्राइवर संघ ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

**कटनी।** ट्रांसपोर्ट कार्यालय में ट्रक ड्राइवर की मौत के मामले मे ड्राइवर संघ ने अर्धनग्न होकर परिजनों के साथ कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने पहुंचे ड्राइवर संघ के साथ मृतक के बडे भाई ने कहा की राजेश दुबे निवासी ग्राम पडरी थाना जमोडी जिला सीधी म.प्र. की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपियों से सांठ-गांठ कर हत्या का प्रकरण दर्ज न कर पूरे मामले में खेल कर दिया। मृतक के भाई ने कहा की मेरा भाई राजेश दुबे ट्रक ड्राइवर था। मेरे भाई राजेश दुबे का ड्रायविंग लाइसेंस बैढन न्यायालय के द्वारा माह अप्रैल 2025 में मोटर व्हीकल प्रकरण में 6 माह के लिये निरस्त किया गया था। मेरा भाई घर में ही रहता था, तथा मेरा भाई ड्रायवरी का काम नहीं कर रहा था। 30 मई को आरोपी सतीशचन्द्र रावत अविनाश रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट के मालिक के द्वारा राजेश्वर मिश्रा, निवासी सिंगरौली म.प्र. को फोन पर मेरे भाई राजेश दुबे के फांसी लगाये जाने की सूचना दी गई थी। तब राजेश्वर मिश्रा के द्वारा हमें सूचित किये जाने पर हम लोग तुरन्त कटनी आये थे। उन्होंने कहा की मैं अपने परिवार के साथ जब कटनी आया तब मेरे द्वारा व मेरे परिवार का द्वारा मेरे बड़े भाई राजेश दुबे के शव का अवलोकन किया गया था।

**कार्यालय नगर परिषद् बकहो जिला- शहडोल (म.प्र.)**
नेशनल हाईवे मेन रोड बकहो ( Ph. 9755485693) E-mail-cmobakho.shahdol@mpurban.gov.in

क्र./807/न.परि./लो.नि./2025-26 **ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना** बकहो- 18/06/2025

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् बकहो जिला शहडोल म.प्र. निकाय अन्तर्गत अधोलिखित कार्यो के लिये ऑनलाईन अधिक व कम प्रतिशत दर निविदायें (यू.ए.डी.डी. के एस.ओ.आर. दिनांक 02.08 2021) निविदा प्रपत्र अ में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है-

**अनुसूची**

| सरल क्र. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा फार्म की कीमत | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD _431323_1 | वार्ड क्र. 02 में MRF एवं Windrow Compost Plant निर्माण कार्य | 98.34 | 73757/- | 10000/- | 09 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 2 | 2025_UAD _413978_2 | वार्ड क्र. 04 मंगल भवन परिसर में स्थित विद्युत पोल स्थानांतरण कार्य | 4.50 | 4503/- | 2000/- | 03 माह |
| 3 | 2025_UAD _389302_3 | वार्ड क्र. 07 में ममता भारिया के घर से प्रदीप सोनी के घर तक आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 3.34 | 3347/- | 2000/- | 02 माह |
| 4 | 2025_UAD _378334_4 | वार्ड क्र. 06 मोलाराम त्रिपाठी के घर से मोनिका राय के घर तक आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 2.15 | 2155/- | 2000/- | 02 माह |

1. इच्छुक ठेकेदार विस्तृत जानकारी बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन देख सकते है । 2. ठेकेदार द्वारा ऑनलाईन निविदा सरल क्रमांक 1 में निविदा प्रपत्र क्रय की तिथि 18.06.2025 समय 11:00 A.M. से 03.07.2025 समय 05:00 P.M. तक रहेगी एवं निविदा सरल क्रमांक 2 से 4 में निविदा प्रपत्र क्रय की तिथि 18.06.2025 समय 11:00 A.M. से 25.06.2025 समय 05:00P.M. तक रहेगी । 3. ठेकेदार के द्वारा ऑनलाईन निविदा सरल क्रमांक 1 में बिड सबमीशन तिथि 18.06.2025 समय 11:00 A.M. से 03.07.2025 समय 05:00P.M. तक रहेगी एवं निविदा सरल क्रमांक 2 से 4 में बिड सबमीशन की तिथि 18.06 2025 समय 11:00A.M. से 25.06.2025 समय 05:00P.M. तक रहेगी। 4. निविदा सरल क्रमांक 1 में ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि 04.07.2025 समय 05:00 P.M. रहेगी एवं निविदा सरल क्रमांक 2 से 4 में ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि 27.06.2025 11:00 A.M. तक रहेगी । 5. निविदा में संशोधन / परिवर्तन / परिवर्धन होने की दशा में सूचना ऑनलाईन ही जारी होगी। पृथक से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जावेगी ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् बकहो शहडोल ( म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### दो किलो गांजा के साथ धराया आरोपी



**राजेन्द्रग्राम।** 16 जून को मुखबिर सूचना पर आरोपी लक्ष्मण उम्र 22 वर्ष निवासी जरही के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 02 किलो 70 ग्राम कीमती 20,000 रू. एवं मोटर सायकल एचएफ डिलक्स बिना नम्बर का कीमती 50,000 रू. जप्ती के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया, वापसी पर अपराध क्रं. 131/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट कायम किया गया एवं आरोपी को माननीय न्यायालय पेश कर जिला जेल अनूपपुर दाखिल किया गया। एनडीपीएस कायमी मे पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के मार्गदर्शन व एस.डी.ओ.पी नवीन तिवारी पुष्पराजगढ़ के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक एस.पी.शुक्ला, उनि. त्रिलोक सिंह वालरे, सउनि. यादवेन्द्र सिंह, प्र.आर. वीरेन्द्र सिंह, आरक्षक अंशू कुमार, छोटेलाल साहू, ग्राम रक्षा समिति सदस्य कृष्ण कुमार की भूमिका रही।

### आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

**अनूपपुर।** विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को प्रातः 11 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग, जांच, प्रबंधन, काउंसलिंग, रोकथाम के जनजागरूकता हेतु जिला स्वास्थ्य समिति एवं जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही विश्व सिकल सेल दिवस पर जिले के सामुदायिक, प्राथमिक, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम का होगा आयोजन

**अनूपपुर।** 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ("थीम-एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग") 21 जून को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में तथा प्राचीन मंदिर समूह परिसर अमरकंटक में प्रातः 6 बजे से प्रातः 07:45 बजे तक सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट व्यवस्था, कानून व्यवस्था, आयोजन स्थल पर साउंड, एलईडी/माईक/कुर्सी/अन्य टेंट सामग्री व्यवस्था, स्वल्पाहार व्यवस्था, योग प्रशिक्षक व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, मीडिया प्रचार प्रसार व्यवस्था, मंच संचालन व्यवस्था, कार्यक्रम में युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, गणमान्य नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण, आमंत्रण पत्र मुद्रण व्यवस्था, प्रोटोकॉल व्यवस्था, बुके, फूलमाला की व्यवस्था, पेयजल एवं साफ सफाई व्यवस्था तथा निर्बाध विद्युत व्यवस्था हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के संबंध में आयोजित हुआ प्रशिक्षण



**अनूपपुर।** स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण फेस 2 के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की तैयारी के संबंध में जनपद पंचायत अनूपपुर में ग्राम पंचायतो के सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायकों की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जनपद अनूपपुर (बदरा) के सभागार में आयोजित किया गया। जनपद पंचायत अनूपपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती उषा किरण गुप्ता ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### सक्षम कार्यक्रम के तहत डिंडोरी में आयोजित समर कैंप का बीईओ ने किया निरीक्षण

**डिंडौरी।** जनजाति कार्य विभाग भोपाल एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से डिंडोरी ब्लॉक के अंग्रेजी माध्यम कन्या आश्रम में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप का उद्देश्य छात्राओं में जीवन कौशल विकसित करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। इस कैंप का निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) बी.डी. सोनी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंप की गतिविधियों का अवलोकन किया और छात्राओं से संवाद कर उनके अनुभव सुने।

## वाहन से घायल युवक के मौत की अफवाह से बिगड़ा नगर का माहौल

# एसडीएम व एसडीओपी से मिले घायल युवक के परिजन व नगरवासी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

**4 दिन पूर्व नगर के शुक्ला ढाबा के सामने शराब माफियाओं के गुर्गो द्वारा आतंक का माहौल बनाते हुए फिल्मी स्टाइल से कई लोगों को बोलेरो गाड़ी से जानकर कुचलने का प्रयास किया गया था जिसकी चपेट में आकर बस्ती निवासी अमन नामदेव 23 वर्ष गाड़ी में फंसकर 25 मीटर तक की घसीटता चला गया साथ ही बुरी तरह कुचलते हुए फरार हो गया।**

फालोअप






उक्त घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया आनन-फानन में लोगों ने घायल को कोतमा प्राथमिक उपचार के बाद शहडोल होते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां पर युवक की हालत 4 दिनों से नाजुक बनी हुई है।

### अफवाह के बाद बिगड़ा माहौल

मंगलवार की रात 11 बजे के आसपास युवक के मौत की अफवाह पूरे नगर में तेजी से फैल गई। जिसके बाद बस स्टैंड के आसपास सैकड़ो की संख्या में आक्रोशित युवा, परिजन एवं नागरिकों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित भीड़ के द्वारा बस स्टैंड के पास स्थित बंद शराब दुकान के सामने जाकर जमकर प्रदर्शन करते हुए हंगामा भी किया गया जिस पर पुलिस के द्वारा किसी प्रकार समझाइस देते हुए मामले को शांत कराया गया। इसी दौरान आधा सैकड़ा युवाओं के द्वारा हाईवे रोड पर स्थित दूसरी शराब दुकान पर भी पहुंच गए लेकिन बंद दुकान होने के कारण किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हो सकी। लोगों के बढ़ते आक्रोश के बाद जिला प्रशासन हाई अलर्ट हो गया और कुछ ही देर के बाद जिले भर से भारी संख्या में पुलिस बल कोतमा नगर पहुंच गई। रात में ही अनूपपुर एसडीओपी सहित आधा दर्जन से ज्यादा थाना प्रभारी देर रात तक कोतमा में पहुंचकर लोगों को समझाइस देकर घर रवाना किया। रात में ही बाजार बंद करने एवं कठोर कार्यवाही कराए जाने पर सहमति बनी। एक ओर रात में युवक को लेकर तेजी से तरह तरह की अफवाह फैली रही। सुबह घायल के परिजन एवं प्रशासन द्वारा युवक के जीवित होने एवं अस्पताल में भर्ती होने की पुष्टि की गई।

### यह रखी मांग

गांधी चौक पर नगर के व्यापारी नागरिक एवं घायल के परिजनों द्वारा पहुंचते हुए मौके पर उपस्थित सब डिविजनल मजिस्ट्रेट अजीत तिर्की एवं एसडीओपी सुमित केरकट्टा, थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला से चर्चा करते हुए कहा कि मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी एवं ठेकेदार प्रवीण राय के द्वारा हूटर लगाकर काली फिल्म एवं हथियारों से लैस होकर आतंक फैलाते हुए दहशत पैदा करने को लेकर मामला दर्ज किया जाए। घायल अमन नामदेव की हालत स्थिर है जिसके समुचित उपचार की व्यवस्था कराई जाए। गली-गली बिक रही अवैध शराब की पैकारी बंद कराई जाए। पिछले कई माहों से शराब माफिया, रेत माफिया एवं पशु तस्करों के द्वारा यूपी, बिहार एवं बाहरी जिलों से लाए गए अपराधियों को क्षेत्र में सक्रिय कर विभिन्न प्रकार के अपराध कारित करने के साथ नगर की शांति भंग करने की घटनाएं बार-बार हो रही है। जिस पर रोक लगाते हुए बाहरी लोगों की मुसाफिर दर्ज करने एवं उनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जानकारी जुटाकर अपराधी छवि के लोगों को नगर से बाहर खदेड़ा जाए।

### छावनी में तब्दील हुआ नगर

मंगलवार की रात एवं बुधवार की सुबह लोगों के आक्रोश एवं सोशल मीडिया पर लोगों की नाराजगी देखने के साथ समूचे जिले बंद करने के तैयारी के बीच प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। समूचे जिले भर के थानों एवं लाइन से भारी संख्या में पुलिस बल और किसी भी अपनी स्थिति से निपटने को लेकर पूरे दिन नगर के हर प्रमुख चौक चौराहों पर फिक्स पॉइंट लगाए गए थे वहीं एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों के माध्यम से पूरे नगर में निगरानी की जा रही थी। लहसुई में भी लगातार पेट्रोलिंग जा रही। सोशल मीडिया पर नजर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई मंगलवार की रात अचानक उड़े अफवाह के बीच पूरे नगर सहित जिले में शांति व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। आलम यह रहा कि अफवाह के बाद लोग सड़कों पर उतरते हुए जमकर प्रदर्शन व हंगामा किया गया। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि किसी प्रकार से अफवाह सोशल मीडिया पर ना फैलाएं एवं ऐसे लोग जो गलत संदेश प्रचारित कर जिले की शांति व्यवस्था बिगाड़ेंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जिला प्रशासन ने भी किया स्पष्ट

उक्त मामले मे जिला प्रशासन ने स्पष्ट करते हुये बताया कि 15 जून को शुक्ला ढाबा कोतमा के पास घटित घटना में घायल अमन नामदेव का इलाज जबलपुर मेडिकल कॉलेज में अनवरत जारी है। इस मामले में पुलिस द्वारा आपराधिक प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296, 109 के तहत कार्यवाही की गई है। जिला प्रशासन जिले में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है।

### इनका कहना है

3 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए है। अन्य की तलाश में टीम लगी है। माफियाओं को चिन्हित कर कठोर कार्यवाही की जा रही है।

**सुमित केरकट्टा**
**एसडीओपी अनूपपुर**

अफवाह के बाद थोड़ी सी स्थिति बिगड़ी थी। जो पूरी तरह नियंत्रण में है। सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील है।

**अजीत तिर्की**
**एसडीएम कोतमा**

## जिला मुख्यालय में संचालित सभी ऑटो में चस्पा हुआ किराया सूची

# ऑटो चालकों द्वारा मनमाने तौर पर लिए जा रहे किराए पर लगेगा विराम

### निर्धारित दर से अधिक किराया लेने पर ऑटो चालकों पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिला मुख्यालय में विभिन्न गंतव्य स्थानों तक आवागमन हेतु संचालित ऑटो में प्रति सवारी किराया निर्धारित करने हेतु जिला परिवहन अधिकारी की अध्यक्षता में यातायात प्रभारी एवं ऑटो यूनियन की संयुक्त मीटिंग आयोजित की गई थी, जिसमें सर्वसम्मति से अनूपपुर शहर के अंदर विभिन्न गंतव्य स्थान के बीच ऑटो का किराया निर्धारित किया गया था, बुधवार को किराया सूची चस्पा करने की कार्यवाही जिला परिवहन अधिकारी एवं थाना यातायात की टीम द्वारा बस स्टैंड रेलवे स्टेशन एवं सामतपुर तिराहा, इंदिरा तिराहा के पास खड़े ऑटो में की गई। इसके साथ ही ऑटो में सफर कर रही सवारियों को भी निर्धारित किराया की जानकारी दी गई।

### निर्धारित हुआ किराया

* रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक 10 प्रति सवारी
* रेलवे स्टेशन से सामतपुर तिराहा तक 10 प्रति सवारी
* रेलवे स्टेशन से कलेक्टेट कार्यालय तक 20 रुपए प्रति सवारी
* रेलवे स्टेशन से अमरकंटक तिराहा तक10 प्रति सवारी
* रेलवे स्टेशन से शंकर मंदिर चौक या जिला जेल तक प्रति सवारी 20
* रेलवे स्टेशन से जिला चिकित्सालय या इंदिरा तिराहा तक प्रति सवारी 20
* रेलवे स्टेशन से तहसील एवं जिला न्यायालय तक प्रति सवारी 20
* रेलवे स्टेशन से तुलसी कॉलेज या साईं मंदिर तक प्रति सवारी 30
* रेलवे स्टेशन से एकलव्य स्कूल या पुलिस लाइन तक प्रति सवारी 30
* बस स्टैंड से सामतपुर तिराहा तक प्रति सवारी 10
* बस स्टैंड से कलेक्टेट तक20 प्रति सवारी
* बस स्टैंड से अमरकंटक तिराहा तक 10 प्रति सवारी
* बस स्टैंड से शंकर मंदिर चौक या जिला जेल तक 20 प्रति सवारी
* बस स्टैंड से जिला चिकित्सालय या इंदिरा तिराहा तक 20 प्रति सवारी
* बस स्टैंड से तहसील या जिला न्यायालय तक 20 प्रति सवारी
* बस स्टैंड से तुलसी कॉलेज साईं मंदिर तक 30 प्रति सवारी
* बस स्टैंड से एकलव्य स्कूल या पुलिस लाइन तक 30 प्रति सवारी किराया निर्धारित किया गया है।

# प्रजापति समाज ने प्रतिभा सम्मान वार्षिक कार्यक्रम का किया आयोजन



**अनूपपुर।** संभाग स्तरीय प्रजापति प्रतिभा सम्मान सातवां वार्षिक कार्यक्रम विगत दिनों जिला मुख्यालय मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे सामाजिक बंधुओं छात्र छात्राओं एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र मे अग्रणी कार्य करने वाले डाक्टरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे लगभग अस्सी छात्र छात्राओं जो 10 वीं 12 वीं कक्षा मे साठ प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक प्राप्त करते हुए समाज का नाम रोशन किया है। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र मे अच्छा कार्य करने पर कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे पदस्थ आयुष चिकित्सा अधिकारी डा संगीता प्रजापति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे प्रजापति समाज के जिले के वरिष्ठ अधिकारी सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# खोखो खिलाड़ियों का समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी शासकीय कन्या महाविद्यालय अनूपपुर एकलव्य विद्यालय के सम्मिलिततत्वाधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक हुआ समापन। अनूपपुर, तुलसी महाविद्यालय परिसर, अनूपपुर में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर और खेल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस विशेष आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उनकी खेल प्रतिभा को निखारना था। एक माह प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे और शाम 4 से 6 बजे तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम कमलेश पुरी ने अपने संबोधन में कहा, खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। ऐसे आयोजन बच्चों को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल सक्सेना ने कहा कि, आज के बच्चे भविष्य के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। उन्हें उचित मार्गदर्शन और प्रेरणा देना हम सबकी जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि आदर्श दुबे ने कहा, खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ नेतृत्व और रक्षा भावना का भी विकास करता है। इस अवसर पर अन्य अतिथि डॉ. के. के. दुबे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जे के संत ,डॉ. नीरज श्रीवास्तव, प्रो. अजयराज सिंह और डॉ. विनोद सिंह भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण संचालन में रामायण वर्मा, डॉ. इंद्र नारायण काशी, विवेक यादव, साक्षी पाठक, निखिल यादव, जन शिक्षण केशवानी, भारती यादव और धनश्याम वनवासी, विकास खांडे, शेर सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनोद सिंह द्वारा किया गया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और ट्रैक सूट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवेक यादव ने महिला खिलाड़ियों का विशेष प्रदर्शन एवं परिचय प्रस्तुत किया।



# शिविर लगाकर किया जा रहा आधार अपडेशन

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार मंगलवार को जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत विचारपुर, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत ठोड़ीपानी, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरगा, नगर परिषद अमरकंटक, जैतहरी, बनगवॉ (राजनगर), नगरपालिका अनूपपुर, बिजुरी के वार्ड नम्बर 15, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 13, नगरपालिका पसान के वार्ड नं. 06, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के वार्ड 13 में आधार कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 29 नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा 264 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य किए गए। 19 जून को जिले के इन नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे शिविरजनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रेउंदा, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत साझाटोला, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत गौरेला में, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर तथा नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर) के वार्ड 02, नगर परिषद अमरकंटक के वार्ड नं. 02, नगर परिषद डोला के वार्ड 02, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के महात्मा गांधी वार्ड 04, नगरपालिका बिजुरी के वार्ड नं. 02, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड 02 में, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 14, नगरपालिका पसान के वार्ड नम्बर 07, नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड 15 में 19 जून को आधार कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

**नाम सुधार सूचना**

मै राकेश कुमार द्विवेदी उम्र 40 वर्ष पिता स्व. नर्वदा द्विवेदी निवासी पचखुरा, थाना व तहसील कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) का निवासी हूँ, शपथपूर्वक कथन करता हू कि मै उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरा आधार नंबर 9431 6051 4024 है। मेरे पुत्र मुरली द्विवेदी के शैक्षणिक दस्तावेजो, निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र मे मुरली द्विवेदी पिता राकेश द्विवेदी दर्ज है जो सही है तथा आधार कार्ड मे पुत्र का नाम कान्हा द्विवेदी दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पुत्र का नाम मुरली द्विवेदी पिता राकेश द्विवेदी सही है। मै मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे उसका नाम कान्हा द्विवेदी को विलोपित कराकर सही नाम मुरली द्विवेदी पिता राकेश द्विवेदी दर्ज कराना चाहता हूँ जिस बावत् यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

**न्यायालय (श्रीमान अरविंद कुमार बरला) व्यवहार न्यायाधीश महोदय, वर्ग-1, कोतमा, जिला- अनूपपुर (म.प्र.)**

उ.प्र.क. 08/7025

सायरा बानो पति मुख्तार मोहम्मद उम्र करीब 58 वर्ष निवासी वार्ड क्रमॉक 28 सोनकर महतला बड़ाबाजार चिरमिरी, थाना व तहसील चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)............................आवेदिका

-: प्रति :-

1- शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, पोस्ट-बिजुरी तहसील-कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)
2- सर्वसाधारण ... ................अनावेदकगण

**ईश्तहार**

उपरोक्त आवेदिका ने इस न्यायालय में एक आवेदन-पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत पेश की है कि स्व. मुख्तार मोहम्मद आप स्व. विशमिल्ला मोहम्मद निवासी वार्ड कमॉक 05, माइनर्स कालोनी, बिजुरी, थाना-बिजुरी, तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.) आवेदिका के पिता थे, जिनकी मृत्यु दिनॉक 11/06/2019 को बिजुरी तहसील कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश में हो गई है। मृतक के नाम पर अनावेदक क्रमांक 01 के यहाँ बचत खाता क्रमांक 11226389872 में 6,74,102.55 / (छः लाख चौहत्तर हजार एक सौ दो रुपए पचपन पैसे) जमा है, जिसे प्राप्त करने की आवेदिका एकमात्र उत्तराधिकारिणी है, के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र जारी किया जावें।

यह कि मृतक मुख्तार मोहम्मद आ. स्व. विशमिल्ला मोहम्मद के नाम पर उक्त अनावेदक कमांक 01 के कार्यालय में जमा रकम को प्राप्त करने का अन्य कोई उत्तराधिकारी/वारिसान हों तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 13/08/2025 को उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें, अन्यथा नियमानुसार मात्र आवेदिका के पक्ष में जारी कर दिया जायेगा।

यह कि आज दिनांक ...............को न्यायालय के सील व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

दिनॉकः- 18/06/2025
कोतमा
सील

**अरविन्द कुमार बरला**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**कोतमा,जिला- अनूपपुर (म.प्र.)**